आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण कल लोकसभा में पेश करेंगी अगले वित्त वर्ष का बजट– सुबह 11 बजे शुरू होगा बजट भाषण।
- मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित विकास कार्यों को अगले तीन महीने के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–प्राकृतिक सौंदर्य बनाए रखने को लेकर सड़कों के निर्माण में पहाड़ों की खुदाई के लिए अपनाई जा रही है अत्याधुनिक तकनीक।
- राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल आज पूरा– भाजपा ने राज्य सरकार से चुनाव होने तक पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां यथावत जारी रखने की मांग की।
- प्रदेश में बीपीएल परिवारों की पहचान के लिए चौथे चरण का सर्वेक्षण कल से– अब तक लगभग 60 हज़ार परिवार बीपीएल सूची में शामिल।

<u>केन्द्रीय बजट</u>

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल पहली फरवरी को अगले वित्त वर्ष 2026–27 के बजट अनुमान लोकसभा में पेश करेंगी। वे लगातार 9वीं बार देश का बजट प्रस्तुत करेंगी। निर्मला सीतारमण का बजट भाषण कल सुबह 11 बजे शुरू होगा। बजट में आयकर, कल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत ढांचे और आर्थिक सुधार से जुड़ी अनेक घोषणाएं हो सकती हैं।

इस बीच केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा कल राज्य के सभी ज़िलों व एक सौ 71 मंडलों पर बजट श्रवण व मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के राज्य कार्यालय शिमला में होने वाले कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेषरूप से मौजूद रहेंगे।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित विकास परियोजनाओं को अगले तीन महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वीकृति विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यवस्था परिवर्तन के तहत ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ किया जा रहा है और राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्प लगाने, पैदल रास्तों, नालियों, सामुदायिक भवनों, रिटेनिंग वॉल, सिंचाई नहरों और सड़कों के निर्माण कार्य लंबित पड़े हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि फील्ड अधिकारियों को दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि निरंतर ट्रैकिंग व जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

<u>विक्रमादित्य सिंह</u>

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में बन रही सड़कों के लिए पहाड़ों की खुदाई में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि विकास के साथ–साथ प्राकृतिक सौंदर्य को भी बरकरार रखा जा सके। आकाशवाणी से बातचीत में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़कों की मैटलिंग व टारिंग के लिए भी नई तकनीक अपनाई जा रही है।

हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास में लोक निर्माण व शहरी विकास विभाग के योगदान को लेकर आकाशवाणी शिमला के क्षेत्रीय समाचार प्रमुख रितेश कपूर ने विक्रमादित्य

सिंह से विशेष बातचीत की है। ये भेंट वार्ता अब से कुछ देर बाद 8 बजे आकाशवाणी शिमला से प्रसारित की जाएगी।

<u>पंचायत–बिंदल</u>

राज्य में पंचायतीराज प्रतिनिधियों के कार्यकाल आज पूरा हो रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर पंचायत चुनावों को जान–बूझ कर टालने का आरोप लगाया है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सरकार से अगले चुनावों तक पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां यथावत बनाए रखने की मांग की।

<u>बीपीएल सर्वेक्षण</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग को बीपीएल परिवारों की पहचान के लिए सर्वेक्षण का चौथा चरण कल पहली फरवरी से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में कहा कि हर पात्र गरीब परिवार का नाम बीपीएल सूची में शामिल होना चाहिए ताकि उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सर्वेक्षण 5 चरणों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक किए गए सर्वेक्षण के तीन चरणों में राज्य में 59 हज़ार 8 सौ 29 परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया गया है।

<u>संत रविदास</u>

संत गुरू रविदास की कल जयंती है। उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर नगर कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नाहन में नगर कीर्तन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारों द्वारा की गई और नाहन के ऐतिहासिक गुरूद्वारा साहिब पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरूद्वारे के प्रमुख ग्रंथी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है और उन्होंने आध्यात्मिक शक्ति से मानव जाति का कल्याण किया।